## दो चरणों मे होगा अध्यक्ष का चुनाव

**हिण्डौन सिटी ।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा करौली ने सात तहसील अध्यक्षों के चुनावों की अधिसूचना 7 दिसंबर से लागू की है। अध्यक्षों के चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे।

मुख्य चुनाव प्रभारी धर्मराज जांगिड एवं महासभा के करौली जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया कि जिले की 7 तहसील अध्यक्षों का त्रिवर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर महासभा ने तहसील अध्यक्षों का चुनाव कराना निश्चित किया है। इसके लिए 7 दिसंबर से चुनाव अधिसूचना लागू कर 31 दिसंबर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे। पहले चरण में नादौती, टोडाभीम, करौली, सूरौठ तहसील अध्यक्ष पद हेतु 15 जनवरी को नामांकन भरे जाएंगे जब कि 22 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। मुख्य चुनाव प्रभारी जांगिड ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु चुनाव संपन्न कराने के लिए महासभा की करौली जिला सभा ने ब्रह्म स्वरूप अध्यापक कटकड, जगमोहन अध्यापक महू, दिनेश कुमार कटारिया कटकड़, रामेश्वर अध्यापक एवं कृष्ण कुमार हिंडौन को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

# धुरसी गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जनाक्रोश रैली

**सूरौठ ।** तहसील के समीपवर्ती ग्राम धुरसी से तीसरे दिन जनाक्रोश रैली शुरू हुई गांव के नागरिकों में सरकार के खिलाफ भारी रोष दिखाई दिया गांव की थाई के सामने चौपाल कार्यक्रम में ग्राम वासियों और भाजपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सभी ने जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव व सूरौठ मंडल अध्यक्ष चरण सिंह सोलंकी पूर्व मंडल अध्यक्ष भोले शंकर शर्मा व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ने जनविरोधी सरकार की विफलताओं पर जमकर बरसे साथ में विधानसभा की संयोजक पूर्व सभापति गायत्री कोली सह संयोजक सतपाल चौधरी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा ऐसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बाबूलाल ठेकेदार भाजपा नेता अल्लाह नूर खान युवा नेता भूपेंद्र धुरसी मंडल महामंत्री केशव देव शर्मा विष्णु सोलंकी रोशन चौधरी मुकेश महावर सूरौठ विमल सैनी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी प्रतिनिधि व गणेश चौधरी धुरसी सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे यात्रा रथ पूरे गांव में होकर निकल बाईजट्ट ग्राम की ओर रवाना हुआ जो ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते यात्रा रथ पूरे गांव में होकर निकला जिसमें ग्राम वासियों ने रथ पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया पूर्व राजकुमारी जाटव ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान में बढ़ती पैट्रोल डीजल के दाम व राज्य सरकार द्वारा वेंट अधिक लगाने से इससे किसानों पर भारी बोझ पड रहा है ।



सूरौठ तहसील के समीपवर्ती गांव धुरसी से तीसरे दिन जनाक्रोश रैली शुरू हुई।

## गृह रक्षा दिवस का समापन

**करौली** (नि.स.) ग्रह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र करौली के कमाण्डेन्ट रामप्रकाश पीसी ने बताया कि निदेशालय गृह रक्षा मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 दिसम्बर से साप्ताहिक कार्यक्रमों का प्रारंभ कर 6 दिसम्बर तक चलाया गया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मोटरसाईकिल रैली द्वारा आमजन मे जागरूकता एवं यातायात नियमो का जागरूक अभियान चलाया गया।

कमाण्डेन्ट ने बताया कि मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान झंडारोहण कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, ग्रहमंत्री, मुख्यमंत्री, ग्रह रक्षा मंत्री एवं महानिदेशक द्वारा प्राप्त संदेशो का वाचन किया गया।

इस दौरान प्लाटून कमाण्डर रामप्रकाश पटेल,शाकिर खान, तेज सिंह, पुनर्जी सिंह द्वारा स्वयं सेवको से संबंधित कल्याण कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं स्वयं सेवको के अध्यनरत बच्चों को मिलने वाली छात्रवृति के बारे मे जानकारी दी।

इस दौरान स्वयं सेवको द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य के लिये हेमराज माली को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया।

## सार-समाचार

### 'सभी रोग पेट की ख़राबी से होते हैं'

**मासलपुर** (नि.स.)। चैनुपर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली की जानकारी देते हुए चैनपुर के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. रमण स्वरूप लवानिया ने बताया कि सभी बीमारियां उदर (पेट ) की खराबी से ही होती हैं इसलिए स्वस्थ रहने के लिए हितकारी खान पान ही करना चाहिएअपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए । उन्होंने बताया की आयुर्वेद के अनुसार स्वस्थ जीवन शैली अपनाए वर्तमान में अधिकांश बीमारियां विरुद्ध खान पान और जिव्हा लोलुपता के कारण हो रही हैं । नियमित सुपाच्य भोजन को चवा चवा कर खाना चाहिए अपनी उम्र प्रकृति और मौसम के अनुसार भोजन करने वाले स्वस्थ रहते हैं मौसम परिवर्तन के समय लापरवाही करने से मौसमी बीमारियों पैदा होती हैं।

### इंदिरा रसोई का किया निरीक्षण

**करौली** (नि.स.)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने मंगलवार को मासलपुर मोड पर संचालित इंदिरा रसोई का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने खाने की गुणवत्ता बनाये रखने, साफ सफाई रखने, खाने के कूपन की उचित व्यवस्था करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाऐं सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होने निरीक्षण के दौरान इंदिरा रसोई मे खाना खा रहे आमजन से भी चर्चा की एवं खाने की गुणवत्ता के बारे मे भी जानकारी ली।

### ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**करौली** (नि.स.) पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस के निर्देशन में जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन वाण्टेड के तहत गोटेलाल सहायक उप निरीक्षक मय टीम द्वारा आर्म्स एक्ट हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 1हजार रूपये का ईनामी बदमाश बृजेश उर्फ पल्लड मीना पुत्र भरतलाल मीना निवासी नयागांव थाना पीलोदा जिला सवाईमाधोपुर को गिरफ्तार किया गया।

## प्रभात फेरी निकाली

**हिण्डौन सिटी।** करौली जिले के हिण्डौन उपखण्ड में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में हिण्डौन सिटी में प्रभात फेरी निकाल, मोमबत्ती जलाकर,पुष्प माल्यार्पण कर, मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

प्रभात फेरी के संयोजक हरिओम ठेकेदार व दिनेश ठेकेदार ने बताया कि हर वर्ष की भांति संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें स्टेशन रोड स्थित जाटव छात्रावास से बयाना मोड, मनीराम पार्क, जाट की सराय, चुंगी नाका नंबर 5 से जाटव बस्ती स्थित अंबेडकर मूर्ति के पास और जाटव बस्ती स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर एवं माल्यार्पण, 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रेरणा पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों और प्रभात फेरी में सम्मिलित लोगों को अल्पाहार दिया गया। इस मौके पर रिंकू खेडी हैवत ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# हाईवे पर दुर्घटना पॉइंट को करें चिन्हित : सांसद

**धौलपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलक्ट्रेट सभाकक्ष में करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजौरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आशान्वित जिला कार्यक्रम, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से सम्बन्धित जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा आरएसआरडीसी द्वारा कराए जा रहे कार्यो की प्रगति एवं दीनदयाल ग्रामीण विद्युतीकरण उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि दिए गए लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना एवं वित्तीय समावेश व कौशल विकास के क्षेत्रों से जुड़ी हुई ऐसी गतिविधियां जो सामाजिक एवं आर्थिक विकास को प्रभावित करती है। उनको गति प्रदान करते हुए तय समय में लक्ष्य को प्राप्त करें। बैठक के दौरान उन्होंने नीति आयोग से प्रोत्साहन के रूप में प्राप्त की गई 10 करोड़ रूपये की राशि का विभागों से उपयोगिता प्रमाण पत्रा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में स्वीकृत हुए कार्यों व सड़क की समीक्षा करते हुए निर्धारित नियमानुसार गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने अठाणी बैंक प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह में गरीब परिवार जुड़े हुए है। ऐसी गरीब महिलाओं को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराए जिससे गरीब महिलाएं अपनी आजीविका चलाने के लिए अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सके। स्वयं सहायता समुहों को खाद के लाईसेंस जारी कर खाद उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें तथा खाद वितरण पारदर्शिता पूर्ण तरीके से करवाना सुनिश्चित करें। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिये। प्रत्येक विभाग अपने अपने कार्यों में प्रगति लाये और आमजन की समस्याओं का समय पर निराकरण करें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में पाइप योजना से पेयजल सप्लाई के लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

## फुटबॉल मैच में मानटाउन क्लब विजेता

**सवाई माधोपुर।** चौथ का बरवाड़ा में आयोजित बुद्धि प्रकाश चांवरिया स्मृति अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मानटाउन क्लब व सीमेंट फैक्ट्री के बीच खेला गया। जिसमें मानटाउन क्लब सवाई माधोपुर की टीम ने 5-0 से जीत दर्ज कर फाइनल मुकाबला जीता। मैच शुरू होने से पूर्व आयोजन में मुख्य अतिथि जे पी वर्मा व अध्यक्षता कर रहे जयसिंह भारद्वाज चेयरमैन जिला शूटिंग बॉल सवाई माधोपुर का स्थानीय नागरिक, आयोजन समिति एवं खिलाड़ियों द्वारा ढोल नगाड़े व पटाखों से स्वागत किया गया। साथ ही माला व साफा भी पहनाकर अभिनंदन किया गया। मैच के समापन उपरांत विजेता टीम को 11000 रुपए नगद, कप व प्रत्येक खिलाड़ी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 5100 रुपए नगद, कप व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय फुटबॉल कोच व खेल अधिकारी रहे। शकूर मोहम्मद का भी आयोजनकर्ताओं द्वारा सम्मान किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जी पी वर्मा व जयसिंह भारद्वाज ने खिलाड़ियों को संबोधित किया।

# ईनामी बदमाश अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। कोतवाली थाना पुलिस ने धौलपुर से हत्या के प्रकरण में 5 हजार रूपये के ईनामी बदमाष एवं अंतर्राज्यीय बदमाष जीतेन्द्र उर्फ जीतू को 7 अवैध कारतूस के साथ मुखर्जी नगर पीएनटी पुलिया से गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ विभिन्न राज्यों के पुलिस थानों में विभिन्न प्रकरणों को लेकर मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है। भरतपुर में जिला पुलिस अधीक्षक ष्याम सिंह द्वारा वांछित अपराधियों, अवैध हथियार रखने वाले व असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल मीना व सीओ सिटी सतीश वर्मा के सुपरविजन में कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक प्रमेश कुमार मय जाप्ता के एक विषेश टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कंचनपुर जिला धौलपुर में हत्या के प्रकरण मे वांछित 5 हजार रूपये के ईनामी बदमाष जीतेन्द्र उर्फ जीतू निवासी बिलौनी थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध 7 कारतूस 32 बोर के जब्त किए गए है। आरोपी बदमाष थाना कंचनपुर जिला धौलपुर में हत्या के प्रकरण में 5 हजार का ईनामी बदमाष है।

■ 5 हजार के ईनामी बदमाश जीतेन्द्र उर्फ जीतू पर विभिन्न राज्यों में एक दर्जन से अधिक संगीन मामले हैं दर्ज

जिला पुलिस अधीक्षक ष्याम सिंह ने बताया कि रात करीब 9 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि थाना कंचनपुर का ईनामी बदमाष जीतेन्द्र पीएनटी पुलिया मुखर्जी नगर के पास एक स्विफ्ट गाडी से खडा है।

जिसके पास कोई हथियार हो सकता है। सूचना मिलने पर सहायक उपनिरीक्षक प्रमेष कुमार मय जाप्ता द्वारा टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीएनटी पुलिया के पास पहुंचे। तो वहां एक स्विफ्ट गाडी खडी मिली। पुलिस ने गाडी को चैक किया तो उसमें एक व्यक्ति बैठा मिला। जिसने अपना नाम जीतेन्द्र उर्फ जीतू बताया। जिस पर पुलिस ने जीतेन्द्र की तलाषी ली तो उसकी जरखीन से 7 जिन्दा कारतूस 32 बोर के मिले। कारतूसों के लाइंसेस परमिषन के बारे में पूछा तो परमिषन होना नहीं बताया। जिस पर पुलिस ने अवैध कारतूसों को जब्त कर ईनामी बदमाष को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली पर मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने बताया कि जीतेन्द्र पर एमपी, धौलपुर, दिल्ली एवं राजस्थान के पुलिस थानों में कई मामले दर्ज हैं। ईनामी बदमाष जीतेन्द्र की गिरफ्तारी में थाना अधिकारी दिनेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक प्रमेश कुमार, कानिस्टेबल विक्रान्त, जयवीर एवं राजेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा।

## ब्लाक अध्यक्ष किए नियुक्त

**करौली** (नि.स.) राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. रामेश्वर मूंडरी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष एवं सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी रामखिलाड़ी आगिर्री ने जिले के ब्लांक अध्यक्ष मनोनीत किये हैं।

प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारौली ने बताया कि हेमराज टोडा सिमारा को करणपुर,राधाकिशन रिटायर्ड पीटीआई गुआडी डांडा रोधई को मंडरायल,रामबाबू अध्यापक को लांगरा, किरोड़ी भगत को कैलादेवी,भूरसिंह अध्यापक को करौली,शिवराम रूंधपुरा मांसलपुर, हरसहाय गांवडा को कटकड,बिश्राम सूरौठ को सूरौठ, हरी सिंह झारेडा को हिण्डौन-महावीर जी,भयसिंह खेडी ब्लांक शिक्षा अधिकारी को टोडाभीम,छुट्टनलाल रिटायर्ड व्याख्याता नांगल शेरपुर को बालघाट,राजेंद्र घाटोली सरपंच तिमावा को गुढ़ाचंद्रजी, केदार भोपा सरपंच सोप को नादोती, गिर्राज कुडावदा को कुडगांव, लखनलाल एकट को हाडौती एवं हंसराज मांगरोल को सपोटरा का ब्लांक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

## भागवत कथा का समापन

**वैर ।** बाबा मनोहर दास मंदिर पर आयोजित की जा रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हवन का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख समृद्धि की कामना की। भंडारा आयोजित हुआ तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। महंत सियाराम दास ने बताया कि मंदिर परिसर में बाबा मनोहर दास की 64 वीं पुण्यतिथि पर मंदिर परिसर में भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें राधा कुंड वृंदावन के कथावाचक मनोज कृष्ण ने कथा का वाचन किया। भागवत कथा के समापन पर मंदिर में हवन किया जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर अपने परिवार सहित देश और प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। भागवत कथा के समापन पर भंडारा आयोजित किया गया जिसमें प्रसादी का वितरण किया गया। प्रसादी पाने के लिए कस्बा सहित ग्रामीण अंचल से काफी संख्या में लोग पहुंचे जिन्होंने पंगत रूप में बैठकर भी प्रसादी पाई।

# करौली में आधा घंटे जाम में फंसे रहे विद्यार्थी

**करौली** (नि.स.) । करौली जिला मुख्यालय पर यातायात पुलिस की अव्यवस्था के चलते लोगों को बार-बार जाप जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वहीं पुलिस एसपी के दिए निर्देशों की भी धज्जियां उडा रही है।

जिला मुख्यालय पर यातायात पुलिस की अनदेखी के चलते लोगों को बार-बार जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है शहर के प्रमुख बाजारों,तिराहे और चौराहों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े रहने वाले ऑटो,टेंपो और मोटरसाइकिल से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा स्थिति तो गुलाब बाग से हिण्डौन गेट के सड़क मार्ग की है जो मार्ग गौरव पथ के रूप में विकसित है इस मार्ग पर महिला थाना, यातायात पुलिस कार्यालय, साइबर थाना, कोतवाली थाना,अस्पताल की पुलिस चौकी स्थापित है जिस पर दर्जनों की संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है मगर वह लगने वाले जाम के प्रति गंभीर नहीं दिखाई देते यही नहीं अस्पताल रोड और नई सब्जी मंडी के बीच एक ट्राफिक पॉइंट भी बना हुआ है जो दिन भर खाली पड़ा रहता है हालांकि यातायात पुलिस की ओर से वहां एक कांस्टेबल की ड्यूटी भी लगाई जाती है मगर वह कांस्टेबल अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होता इसके अलावा शहर के फूटाकोट से अनाज मंडी,पुरानी सब्जी मंडी,बड़ा बाजार रोड, कोर्ट रोड के अलावा रोडवेज बस स्टैंड से अजय होटल तक के सड़क मार्गो पर दिनभर सड़कों पर वाहनों के व्यवस्थित रूप से खड़े रहने के कारण लोगों को जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यातायात पुलिस की ओर देखा जाए तो जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर करीब 1 दर्जन से अधिक ट्राफिक पॉइंट बनाकर पुलिस जवान तैनात किया जाता है मगर वह अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर दिखाई नहीं देता और तो और यातायात प्रभारी भी शहर के आमजन की समस्या की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि शहर वासियों की सुविधा को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रातः 8:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक शहर परकोटे के अंदर मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा रखी है वही कई प्रमुख मार्गों को वन बे के रूप में घोषित कर रखा है मगर यातायात पुलिस द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही हैं।

## जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे


**करौली** (नि.स.)। भारत विकास परिषद करोली की प्रेरणा से भामाशाह श्रीकांत शर्मा व मुकेश चतुर्वेदी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय विचपुरी में कक्षा 1 से 5 तक के सभी 60 छात्रों को जर्सी वितरित की गई।

भारत विकास परिषद अध्यक्ष व संयोजक पुरषोत्तम शर्मा ने बताया कि विचपुरी विद्यालय के बच्चे जर्सी पाकर उल्लास से उनके चेहरे खिल उठे।

इस पुनीत कार्य के लिए विद्यालय परिवार ने भामाशाह मुकेश चतुर्वेदी व श्रीकांत एडवोकेट तथा भारत विकास परिषद के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगेन्द्र शर्मा,संयोजक पुरषोत्तम शर्मा,प्रांतीय पर्यावरण प्रभारी सीताराम शर्मा एडवोकेट,सचिव धर्मेंद्र सिंह,रिधीचन्द बंसल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार बागोरिया,गोविन्द सिंह सेंगर, दिनेश शर्मा,श्रीमती राजरानी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का मनाया परिनिर्वाण दिवस


करौली में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते बसपा के लोग।

**करौली** (नि.स.)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में मंगलवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 66 वां परिनिर्माण दिवस मनाया गया इस अवसर पर लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

बसपा जिला अध्यक्ष जमुना लाल जाटव ने बताया कि मंगलवार को अंबेडकर पार्क मंडरायल रोड पर प्रातः 11:00बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा एवं प्रदेश प्रभारी विजय कुमार बैरवा उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के करौली जिला अध्यक्ष जमुना लाल जाटव के द्वारा की गई इस अवसर पर सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन हेतु संविधान निर्माता के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में मनोज कुमार सैनी,सुरेश चंद्र दैतवाल, शिव सिंह जाटव,मदन लाल जाटव,फूल चंद्र जाटव सहित विधानसभा अध्यक्ष, प्रभारी और पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकास कार्य गाईडलाईन के अनुसार हो : सांसद

**करौली** (नि.स.)। करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजोरिया ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले मे केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य केन्द्र सरकार की गाईडलाईन के अनुसार हो एवं केन्द्र के द्वारा संचालित योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण के दौरान सांसद को नियमानुसार सूचित करने के लिये संबंतिधत अधिकारियों को निर्देश दिये जिससे कि गांव व शहर का सामुहिक रूप से विकास हो सके।

करौली कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठकम में सांसद राजौरिया ने कहा की आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिये अधिकारी सक्रिय रहकर योजनाबद्ध रूप से कार्य करें। इसके साथ ही उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर के साथ साथ गांवों में भी चिकित्सा,शिक्षा,सडक, नालिया,साफ सफाई,विद्युत,पेयजल की समुचित व्यवस्था हो विद्यालयो का विकास आदि योजनाबद्ध रूप से होंगे तो निश्चित ही गांव व शहर का तेजी से विकास हो सकेगा। उन्होने प्रधानमंत्री सडक योजना मे लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने,कार्यो की गुणवत्ता का ध्यान रखने,सीआरएफ के तहत चल रहे सडक निर्माण कार्यो का गुणवत्ता के साथ समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने इस संबंध मे थर्ड पार्टी से गुणवत्ता की जांच करवाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दियें।

उन्होने बैठक मे कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि कार्य समय सीमा मे पूर्ण हो व गांव व ढाणियों मे रह रहे आमजन को केन्द्र सरकार के अनुसार समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सडक क्षतिग्रस्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नही करना पडे। उन्होने नगर परिषद हिण्डौन के सहायक अभियंता द्वारा कार्य मे लापरवाही करने पर 17 सीसीए की चार्जशीट एवं बैठक मे अनुपस्थित होने पर बीएसएनएल के अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये।

# शूटिंग बॉलीवाल प्रतियोगिता के विजेताओं को किसान नेता ने बांटे पुरस्कार

**हिण्डौन सिटी।** टीम भामाशाह रामनिवास मीना की ओर से ग्राम पंचायत मांचडी के गांव जैसनी में जिलास्तरीय शूटिंग बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजना हुआ। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में हिण्डौन के महू गांव की टीम विजेता रही, जिसे मुख्य अतिथि किसान नेता रामनिवास मीना ने 51 हजार रुपए और ईआरसीपी कप प्रदान कर पुरस्कृत किया। तीन दिन चली इस प्रतियोगिता में द्वितिय स्थान पर रही हिण्डौन के ही खेडीहैवत गांव की टीम को 21 हजार और ईआरसीपी कप तथा तृतीय स्थान पर रही जैसनी गांव की टीम को 11 हजार रुपए और ईआरसीपी कप प्रदान किया गया।

■ जैसनी में हुई प्रतियोगिता में हिण्डौन के महू की टीम ने जीता 51 हजार का प्रथम पुरस्कार


गांव जैसनी में जिलास्तरीय शूटिंग बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजना हुआ।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि टीम भामाशाह रामनिवास मीना की ओर से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बढावा देने के लिए गांव जैसनी के आजाद क्लब स्टेडियम में जिलास्तरीय शूटिंग बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन भव्य समारोह के बीच 3 दिसंबर को समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने किया था। एक लाख से ज्यादा के नगद ईनाम होने के कारण इस प्रतियोगिता का नाम लखपति प्रतियोगिता रखा गया था, जिसमें करीब 50 से ज्यादा टीमों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किसान नेता रामनिवास मीना उपस्थित हुए, जिन्होंने विजेता टीमों को नगद पुरस्कार एवं शील्ड के रूप में ईआरसीपी कप तथा सभी खिलाडियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। समापन समारोह में प्रदेशाध्यक्ष मीना के साथ संघर्ष समिति के प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, करौली के जिलाध्यक्ष रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी सियाराम मीना, उर्वेश मीना, मांचडी के सरपंच प्रतिनिधि रूपसिंह मीना भी विशेष रूप से उपस्थित हुए, जिन सभी का ग्रामीण पंच पटेलों ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया।

## पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर** (निस)। भारतरत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 66वीं पुण्यतिथि जिला जाटव महासभा समिति भरतपुर के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कैन की अध्यक्षता तथा डॉ. सुरेश यादव पूर्व लोकसभा प्रत्याशी के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई।

सर्वप्रथम बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।


राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय
किशनगढ़, जिला-अजमेर

अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी स्कूल
बी. टेक. स्पॉट एडमिशन 2022-23
(रिक्त सीटों के लिए मौके पर काउंसलिंग-सह-प्रवेश)

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय जेईई (मुख्य परीक्षा)-2022 के प्राप्तांक के आधार पर निम्नलिखित बी.टेक. पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों को भरने के लिए एक विशेष ऑन स्पॉट ऑफलाइन काउंसलिंग आयोजित कर रहा है :

1. कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी
2. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी
3. बायोमेडिकल अभियांत्रिकी

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 11.12.2022 को अथवा उससे पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। रिक्त सीटों की संख्या तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.curaj.ac.in देखें।

कुलसचिव
CBC 21316/12/0012/2223